**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3205 जिसका उत्तर
**शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**विशाखापत्तनम में क्रूज टर्मिनल**

**† 3205. डॉ. सी. एम. रमेश :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विशाखापत्तनम में क्रूज टर्मिनल, जिसे मार्च, 2024 तक पूरा किया जाना था, क्रूज पोत सेवाओं हेतु प्रचालन के लिए तैयार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विशाखापत्तनम में क्रूज टर्मिनल के पूरा होने की मूल तारीख और इसमें हुए असाधारण विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि विजाग पत्तन ने विशाखापत्तनम से सिंगापुर और अन्य स्थानों तक क्रूज के लिए लिटोरल क्रूज लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम क्रूज टर्मिनल से पहली क्रूज पोत सेवा कब से शुरू होगी?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)**: दिनांक 11.08.2023 को विशाखापट्टनम में क्रूज टर्मिनल की स्थापना पूरी की गई थी। क्रूज टर्मिनल को मूल रूप से अप्रैल, 2023 तक पूरा करना निर्धारित किया गया था। पर्यावरण संबंधी मंजूरी तथा नौसेना से अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्राप्ति के कारण तीन महीनें का विलंब हुआ था।

**(ग)**: जी नहीं।

**(घ)**: दिनांक 28 अप्रैल, 2024 को विशाखापट्टनम क्रूज टर्मिनल में प्रथम विदेशी क्रूज जलयान “द वर्ल्ड” की बर्थिंग की गई थी।

*****